'बालिकाओं के अधिकारों और समृद्धि के लिए जागरूकता बढ़ाना है'

मनोहरपूर(निसं)। भामाशाह मोहन कुड़ी जी ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस एक महत्वपूर्ण दिवस है, जो हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, और समृद्धि के लिए जागरूकता बढ़ाना है। कुड़ी ने इस दिवस का महत्व बताया कि बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। कुड़ी ने जागरूकता के बारे में बताया कि यह दिन बालिकाओं के

■ **कुड़ी ने इस दिवस का महत्व बताया कि बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है**

अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, और समाज में व्याप्त लिंग भेदभाव को खत्म करने का प्रयास करता है। कुड़ी ने सशक्तिकरण के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य लड़कियों को सशक्त बनाना और उन्हें लैंगिक भेदभाव के बिना आगे बढ़ने के लिए समान अवसर और वातावरण प्रदान करना है। कुड़ी ने सरकारी पहल के बारे में बताया कि यह दिवस बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों के अनुरूप है, जो बालिकाओं के समग्र विकास पर केंद्रित हैं। उन्होंने संक्षेप मेंबताया कि यह दिन बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों (जैसे बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या) पर ध्यान आकर्षित करता है।

मेगा पीटीएम में मुख्यमंत्री ने वर्चुअल जुड़कर विद्यार्थियों एवं शिक्षक से किया संवाद

भरतपुर (निस)। जिला स्तरीय मेगा पीटीएम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल रूप से जुडकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से रूबरू हुए। जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का वीसी के माध्यम से लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, जिला कलक्टर कमर चौधरी, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह सहित अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बसंत पंचमी माँ सरस्वती के पूजन एवं नमन का दिन है, यह दिन नव संकल्प, नव उद्भव, नव प्रेरणा के लिए सांस्कृतिक रूप से हम मनाते आ रहे है। उन्होंने मेगा पीटीएम के माध्यम से शिक्षण संस्थाओं में शैक्षिणक सुधारों, आधारभूत सुविधाएं के लिए चर्चा कर देश-प्रदेश के विकास में भागीदार बनने का आव्हान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को महापुरूषों से प्रेरणा लेकर उनके सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढने की बात कही। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में युवाओं के कंधों पर देश को आगे बढ़ाने का काम है, युवा नौकरी मांगने वाले नहीं

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मेगा पीटीएम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वर्चुअल रूप से जुडकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से रूबरू हुए।

देने वाले बने। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रहे विभिन्न योजनाओं का भी विस्तार से उल्लेख किया। समारोह में बालिकाओं को साईकिल वितरण का शुभांरम्भ किया गया, प्रदेश में 3.14 लाख बालिकाओं को साईकिल वितरण कि जायेगी।

मुख्यमंत्री ने किया संवाद: मुख्यमंत्री ने वर्चुअल रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पीटीएम में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर में अध्ययनरत छात्रा कुमारी पूजा ने रूबरू हुए। मुख्यमंत्री ने छात्रा पूजा से शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। पूजा ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से महापुरूषों एवं शिक्षा के नवाचारों की जानकारी दी जाती है। मुख्यमंत्री ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवर में नियुक्त शिक्षक विकास चौधरी से संवाद कर बच्चों में एक-दूसरे के सहयोगी की भावना पैदा करने तथा सामूहिक रूप

■ **मेगा पीटीएम के माध्यम से शिक्षण संस्थाओं में शैक्षिणक सुधारों, आधारभूत सुविधाएं के लिए चर्चा कर देश-प्रदेश के विकास में भागीदार बनने का आव्हान किया**

से शैक्षिणक नवाचार बताने को कहा।

मुख्यमंत्री ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवर में अध्ययरत छात्रा कुमारी कोमल के अभिभावक श्रीमती मोहिनी देवी से संवाद किया तथा बालिका को साईकिल उपलब्ध कराने से मिली सुविधा के बारे में फीडबैक लिया। मोहिनी देवी ने बताया कि साईकिल मिलने से पहले बेटी कोमल को स्कूल बैग को कंधे पर ले जाना पड़ता था, अब साईकिल से बेटी स्कूल जाती है, इससे समय की बचत हुई है। विद्यालय में पढ़ाई भी अच्छी प्रकार कर पा रही है, उन्होंने मुख्यमंत्री जी का विद्यार्थियों के हित में चलाये जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लिए अभार व्यक्त किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

निवाई(निसं)। जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल अधिकारिता विभाग एवं सिकोइडिकोन संस्थान के माध्यम से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत बालकों के साथ बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान ने अध्ययनरत बालकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के मुख्य प्रावधानों जैसे विवाह की वैधानिक आयु, बाल विवाह की भयावहता, बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, शिकायत कैसे और कहां करें के बारे में जानकारी दी। सिकोइडिकोन संस्था के माध्यम से नुक्कड नाटक द्वारा बालकों को बाल विवाह के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बालकों एवं विद्यालय स्टाफ को बाल

■ **बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत बालकों के साथ बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए**

विवाह के विरूद्व शपथ दिलवायी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामदयाल जांगिड़, मंच संचालक ममता जाट, सिकोइडिकोन संस्था से देवेन्द्र जांगिड, विमलकुमार बुंदेल, किरण शर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रामसहाय पारीक, सुरेश कुमार, शिवम चौधरी व रामरेश मीणा सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

'एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी उपाय'

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर की अध्यक्षता में एच.पी.वी. टीकाकरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के शुभारम्भ में वंदे मातरम् राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव मनाते हुये वंदे मातरम् का गायन किया गया एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई गई।

बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने एच.पी.वी. टीकाकरण के बारे में प्रशिक्षण देते हुये बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर कैंसर हैं, जिसका मुख्य कारण एचपीवी संक्रमण है। एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक प्रभावी और सुरक्षित उपाय है। भारत सरकार द्वारा 14 वर्ष की बालिकाओं के लिये एचपीवी टीकाकरण अभियान शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है। इस टीकाकरण

■ **एच.पी.वी. टीकाकरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित**

की एक डोज पर्याप्त है, यह वैक्सीनेशन के लिये 03 माह का अभियान चलाया जावेगा, उसके पश्चात् नियमित टीकाकरण दिवसों पर उपलब्ध रहेगी। एएनएम एवं नर्सिंग स्टॉफ द्वारा टीकाकरण किया जावेगा एवं आशा मोबिलाईजर एवं जागरूकता का कार्य करेंगी। उसके लिये पूर्व ही प्लान तैयार कर सूची बनाई जायेगी, कोल्ड चेन पॉईंट पर ईविन एप पर स्टॉक एवं खपत की नियमित एंट्री की जायेगी, लाभार्थी का यूविन एप पर प्री-रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।

टीकाकरण सत्र पर टीकाकरण करने के पश्चात् उसका पंजीकरण यूविन एप पर अनिवार्य रूप से किया जावेगा। टीकाकरण प्रमाण पत्र यूविन से डाउनलोड किया जा सकता है। ए.ई.एफ.आई. सत्र पर होना अनिवार्य है, टीकाकरण के बाद किसी भी प्रकार की प्रतिकूल घटनाये हो सकती है, जैसे दर्द, सूजन, हल्का बुखार तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। टीकाकरण के बाद 30 मिनट तक सत्र स्थल पर रूकना अनिवार्य है।

बीडीओ हरिओम मीणा व प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज गुर्जर ने टीकाकरण के बारे में आमजन को जागरूक करने की बात कही। बीपीओ विजय तिवाड़ी ने आरसीएच गतिविधियों के बारे में बताते हुये दिये गये लक्ष्यां की शत्-प्रतिषत प्राप्ति किये जाने के निर्देष दिये। इस दौरान ब्लॉक कार्यालय से लेखा सहायक महेन्द्र कुमार स्वामी व बीएनओ प्रेमप्रकाष सैनी समेत समस्त चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, नर्सिंग स्टॉफ, सीएचओ व एएनएम आदि मौजूद रहें।

सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन आयोजित

दौसा(निसं)। विद्या भारती द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर स्टेशन दौसा में शुक्रवार को सप्तशक्ति संगम मातृ सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. निकिता त्रिवेदी, सुश्री प्रमिला, प्राचार्य कमला शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया। मुख्य अतिथि डॉ. निकिता त्रिवेदी ने कहां कि मां बच्चों की प्रथम गुरु होती है। इसलिए मां अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे। एक संस्कारित पीढ़ी ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। मातृशक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए परिवार और बच्चों के लालन-पालन पर ध्यान देने की बात कही। साथ ही ''सर्वे भवंतु सुखिन:'' के भाव से समाजहित में कार्य करने का आ ान किया। मुख्य वक्ता प्रमिला ने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, स्व का बोध और पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

बसंत पंचमी व पराक्रम दिवस पर मेगा पीटीएम एवं निपुण मेला आयोजित

टोंक(निसं)। बसंत पंचमी एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर जिले के समस्त विद्यालयों में मेगा पीटीएम (अभिभावक-शिक्षक बैठक) एवं निपुण मेला आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय, पीईईओ, ब्लॉक, जिला स्तर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश का सीधा प्रसारण किया गया। अभिभावक शिक्षक बैठक के माध्यम से अभिभावकों के सहयोगात्मक संबलन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विद्यालयों में व्यापक स्तर पर विजिट की गई। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभांरभ सामूहिक सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में जिला, ब्लॉक, पीईईओ एवं विद्यालय स्तर पर सामूहिक वंदे मातरम् का गायन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण भी प्रतीकात्मक रूप से किया गया। साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों में निपुण मेला एवं मेगा पीटीएम का आयोजन

जिले के समस्त विद्यालयों में मेगा पीटीएम व निपुण मेला आयोजित किया गया।

किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया गया तथा सीखने की प्रगति पर संवाद किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार टोंक में पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल जी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, निवाई-विधायक रामसहाय वर्मा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन सहित जिला मुख्यालय के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

21 कुंडीय यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन

पावटा(निसं)। आगामी माह में पावटा कस्बा स्थित बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर में 21 कुंडीय यज्ञ के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को मंदिर महंत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में विधिवत रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। पंडित द्वारकेश मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ध्वज स्थापित कर यज्ञ की शुभ शुरुआत की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बन गया। कार्यक्रम के दौरान आचार्यों एवं संतजनों ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से वातावरण की शुद्धि होती है और समाज में सुख, शांति व समृद्धि का संचार होता है। ध्वजारोहण के साथ ही यज्ञ से जुड़े विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 21 कुंडीय यज्ञ में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे तथा यज्ञ के दौरान प्रवचन, हवन, भजन-कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम में वरिष्ठ संरक्षक किशनलाल गोयल, बलदेव गोयल, विमल गर्ग, जम्मन राठी, पिंटू जांगिड, मातादीन सैनी, श्याम सैनी, विजय शर्मा, रामोतार शर्मा, पटेल सहित ग्रामवासी, श्रद्धालु, आयोजन समिति के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

जयपुर ग्रामीण सांसद ने एनएचएआई के अधिकारियों की बैठक ली

मनोहरपूर (निसं)। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने लोकसभा क्षेत्र में एनएचएआई के विकास कार्यों को लेकर क्षेत्रीय अधिकारी व प्रोजेक्ट डायरेक्टर की बैठक लेते हुए एनएच - 48 (जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे), एनएच-148 (मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे), एनएच-248 (जयपुर-चंदवाजी नेशनल हाईवे), एनएच - 248 (अलवर तिराहे-विराटनगर नेशनल हाईवे) से जुड़े कई महत्वपूर्ण विकास विषयों पर विस्तार से चर्चा कर निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएचएआई सहित अन्य प्रमुख विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित समय - सीमा में पूर्ण करने के दिशा - निर्देश दिए, जिससे जयपुर

सांसद राव राजेंद्र सिंह ने लोकसभा क्षेत्र में एनएचएआई के विकास कार्यों को लेकर क्षेत्रीय अधिकारी व प्रोजेक्ट डायरेक्टर की बैठक ली।

ग्रामीण एवं प्रदेश की आधारभूत संरचना को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाया जा सके। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया

■ **विकास कार्यों को लेकर सख्त दिशा निर्देश दिए।**

प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि शाहपुरा पुलिया के कार्य की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि आमजन को अधिकतम सुविधा और बेहतर परिवहन सुविधा प्राप्त हो सके। जयपुर ग्रामीण एवं प्रदेश की जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप, व्यावहारिक तथा समय-सीमा में पूर्ण किए जा सकने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित किए जाएँ, ताकि जयपुर ग्रामीण एवं प्रदेश का समग्र और संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके।

नाम परिवर्तन

हम अपनी पुत्री का नाम देवन्या से बदलकर देवन्या शेखावत पुत्री जितेन्द्र सिंह/ देवांगिनी चौहान रख लिया है भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जायें। निवासी- प्लॉट नं. 72-ए, मार्ग नम्बर 14, कैलाश नगर, झोटवाड़ा, जयपुर।

मेरे पुत्र चिराग कुमार की दसवीं सीबीएसई (सत्र 2021-22) की मार्कशीट में मेरा नाम कमलेश से बदलकर कमलेश कुमारी करना है भविष्य में मुझे कमलेश कुमारी के नाम से जाना जावे। निवासी- दौबड़ा, तहसील- पिलानी, जिला- झुंझुनू, राजस्थान

I have changed my name from SHIV SHANKER GUPTA to SHIV SHANKAR GUPTA. In future I will be known by SHIV SHANKAR GUPTA S/o RAM GOPAL GUPTA. 31, Shivaji Marg, Govind Nagar East, Amer Road, Jaipur.

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम "लक्ष्मण (Lakshman)" माता का नाम "केशवंती (Keshwanti)" पिता का नाम (RAM PARSHAD) गलत दर्ज है मेरा वास्तविक नाम "लक्ष्मण (Laxman)" तथा माता का वास्तविक नाम "केस अंती (Kes Anti)" पिता का नाम (RAM PARSAD) है 67, वृंदावन विहार, गोलियावास, मानसरोवर, जिला जयपुर

खोया पाया

मैं राम अवतार पुत्र श्री मंगल चन्द व शंकर लाल पुत्र श्री मंगल चन्द निवासी गहलोताका तहसील कार्यालय दूदू से जारी पट्टा संख्या 03 रास्ते में थैला फट जाने पर गिर गया किसी को मिले तो सूचित करें। मोबाईल नं. 6367965084

मेरे प्लाट नं. B-120 रोहिणी नगर-II जयपुर का मूल आवंटन पत्र व कब्जापत्र बापू नगर में कहीं गिर गया हैं मिलने पर सूचित करें- हेमंत प्रभाकर- 9414041903

मैं दिव्यार्थ गोत्तम पुत्र श्री एस.के. शर्मा 73/143 परमहंस मार्ग मानसरोवर जयपुर मेरे प्लॉट नं.- 107, 108 श्याम नगर कॉलोनी, बॉस एनक्लेव खेड़ा जगन्नाथ चाकसू जयपुर के असल दस्तावेज कहीं गुम हो गए हैं मिलने पर सूचित करें। मोबाइल- 7878652441

आम सूचना

मेरे अभिभाष्य सुरेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामजीलाल शर्मा निवासी-17, अनिता कॉलोनी विस्तार, गोविन्दपुरा, तहसील सांगानेर, जयपुर की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र दक्ष शर्मा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियो से बेदखल कर दिया है यदि कोई व्यक्ति इससे कोई लेन देन, संव्यवहार इत्यादि करता है तो वह स्वयं की जिम्मेदारी होगी। आज के बाद से मेरे अभिभाष्य का अपने पुत्र से कोई सम्बन्ध, रिश्ता व सरोकार नही है।

भवदीय, सत्य नारायण शर्मा, एडवोकेट 9092858800 8

आम-सूचना तुलसीराम पुत्र स्वर्गीय श्री बिरदीचन्द ने मेरी अभिभाष्या फर्म बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि०, जयपुर की योजना चन्द्र वाटिका, पांच्यावाला, जयपुर के भूखण्ड संख्या- एस.पी.-22 का क्षेत्रफल 33.3 वर्गगज व भूखण्ड संख्या- एस.पी.-23 का क्षेत्रफल 33.3 वर्गगज के हस्तान्तरण हेतु मूल आवंटी से खरीद सम्बन्धी दस्तावेजात् शपथ पत्र, मूल दस्तावेज प्रस्तुत किये तथा उक्त भूखण्डों के हस्तान्तरण हेतु समिति को कहा गया है। यदि उक्त भूखण्डों के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में सम्पर्क करें, अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्डों का हस्तान्तरण तुलसीराम के नाम कर दिया जायेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा।

भवदीय- (हेमन्त कुमार पलोड) एडवोकेट मोबाईल नं. 9314511091

NOTICE

Ashwani Garg Passport No. Y3746977 S/o Mr. Trilok Chand Garg and smt. Saroj garg near kapil muni mandir ward no. 10 kalayat dist. Kaithal Haryana/ near mahendra campus ward no 13 kathmandu Nepal. Manju poddar passport no. PA0968353 D/o Sushil kumar poddar And smt. Usha devi poddar ward no. 7 biratnagar morang in Nepal have got married At hotel yak & yeti durbar marg Kathmandu date of marriage Thursday 9 feb 2023 as Per indian traditions since then we have living as husband and wife. We have published This notice for registration of our marriage at embassay of india Kathmandu. If anyone has Any objection to the marriage he/ she can contact +977-9851107021 and embassy of india Kathmandu on cons.kathmandu@mea.gov.in

कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर
आवश्यक सूचना

आवास संख्या 2 ख 3, सी.ई.बी. योजना, अलवर जो कि मूलतः श्री जय कुमार जैन को आवंटन पत्रांक 14808 दिनांक 31.10.1975 एवं संशोधित आवंटन पत्रांक 1429 दिनांक 21.06.1978 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा आवास का अंतिम प्रमाणपत्र क्रमांक 1337 दिनांक 15.12.1979 को श्री जय कुमार जैन के नाम जारी कर दिया गया। श्री जय कुमार जैन द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 05.04.1980 को उप पंजीयक कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री जय कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 12.06.2010 को हो जाने के उपरांत उनकी उत्तराधिकारिणी पत्नि द्वारा मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत शपथपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों के आधार पर मण्डल द्वारा आवास का मृत्यु उपरान्त नाम हस्तांतरण कार्यालय आदेश क्रमांक 1472 दिनांक 05.07.2012 को श्रीमती मन्जू जैन के नाम से जारी कर दिया गया। श्रीमती मन्जू जैन द्वारा उक्त आवास का बैचान जयं पंजीकृत वचनपत्र दिनांक 17.11.2021 को श्री केशव माथुर पुत्र स्व. श्री प्रभुशंकर माथुर को कर दिया गया। मण्डल द्वारा आवास का नाम लीज हस्तांतरण कार्यालय आदेश क्रमांक 438 दिनांक 20.06.2025 को श्री केशव माथुर के नाम जारी कर दिया गया। श्री केशव माथुर द्वारा उक्त आवास का बैचान जयं पंजीकृत वचनपत्र दिनांक 31.07.2025 को श्री देवेन्द्र कुमार गोगिया पुत्र श्री भगवान दास को कर दिया गया। श्री देवेन्द्र कुमार गोगिया द्वारा द्वारा उक्त आवास का मण्डल नियमानुसार लीज हस्तांतरण किये जाने हेतु आवश्यक प्रपत्र एवं शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 2 ख 3, सी.ई.बी. योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्री देवेन्द्र कुमार गोगिया पुत्र श्री भगवान दास के पक्ष में आवास के लीज हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर
सोकिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003

क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2026/1771 दिनांक:22.01.2026

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हेमलता सोनी पत्नि खूबचन्द ने मकान नं. 413, लाल जी सांड का रास्ता जयपुर का 69-क, के तहत स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान के आदेश क्रमांक 7062 दिनांक 15.11.2022 के अनुसार आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व संबंधित दस्तावेजो की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति का स्वयं का क्षेत्रफल 22.63 वर्गगज का 69-क के तहत पट्टा चाहा है। उक्त दुकान के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी / गैर सरकारी संस्था भवन / दुकान के अन्य हिस्सेदार, मालिको या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।

उपायुक्त,किशनपोल जोन नगर निगम, जयपुर (हैरिटेज)

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम जयपुर
मुरलीपुरा सब्जी मंडी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर

क्रमांक मु.जो./ननिज/2025/2092 दिनांक: 21.7.2026

सार्वजनिक सूचना

भूखण्ड सं. 140, स्कीम 3 बन्धुनगर मुरलीपुरा जयपुर का बन्धु गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा श्री गुमान सिंह पुत्र श्री केशर सिंह को क्षेत्रफल 200 वर्गगंज भूमि का आवंटन पत्र जारी किया गया था। जिसके पश्चात श्री गुमान सिंह द्वारा उक्त भूखंड का बेचान जरिये अपंजीकृत इकरारनामा का आधार पर आवेदक श्रीमती इन्दु शेखावत पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह शेखावत के पक्ष में कर दिया। प्रकरण में श्रीमती इन्दु शेखावत द्वारा आवंटन पत्र मय साइट प्लान एवं अपंजीकृत इकरारनामा के आधार पर उक्त भूखंड का पट्टा चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्रीमती इन्दु शेखावत पत्नी श्री पृथ्वीराज सिंह शेखावत के पक्ष में भूखंड के कुल क्षेत्रफल में से 200 वर्गगज का पट्टा जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के पट्टा जारी करने बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार पट्टा जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम जयपुर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-11 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: 90A/JDA/2025-26/100476 **लोक सूचना** दिनांक: 23.01.2026

श्री SANDEEP SHARMA पुत्र श्री RAMESHWAR जाति HARIYANA BARHAMAN निवासी 39, MALKI DHANI, GOLYAWAS, TEHASIL SANGANER, JAIPUR, श्री VIKASH KUMAR GUPTA पुत्र श्री RAMGOPAL GUPTA जाति MAHAJAN निवासी 1347, JAIPAT, BARKAT NAGAR, TONK PHATAK, JAIPUR श्री MUKESH YADAV पुत्र श्री GOPAL LAL YADAV जाति YADAV (AHIR) निवासी NEVTA ROAD, GANWALO KI DHANI, WARD NO. 5, MUHANA JAIPUR, श्री MUKESH SHARMA पुत्र श्री SITARAM SHARMA जाति BAGADA BRAHAMAN निवासी 3, AGERSAIN NAGAR VISTAR, TONK PHATAK, LAL KOTHI, JAIPUR ने इस कार्यालय में पेश प्रतिवेदित भूमि का आवंटित प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधारी अधिकारों के निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (हैक्टे.)	रकबा कंटाल (हैक्टे.)
1	दोलतपुरा, सांगानेर (जयपुर)	1) सुकेश यादव पुत्र श्री रोशन लाल यादव हिस्सा 1/ 4 जाति	282	1.08	0.77
2			283	0.28	0.28
3			284	0.48	0.48
4		यादव (अहीर मकान संख्या 0 कॉलोनी गणवाडों की	285	0.15	0.15
			कुल		1.68

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क अधिग्रहण अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधारी अधिकारों के निर्माण पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A पोर्टल अथवा ये डी ए पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in) पर "विज्ञप्ति के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें" Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा (अपलोड) सकेंगे। अन्यथा निर्धारित समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23-01-2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-11

न्यायालय तहसीलदार फुलेरा मु0 सांभरलेक जिला जयपुर
दुरभाष नं.: 01425-228219, ई-मेल: tdrsbr@ymail.com

क्रमांक: भू.अ./2026/276 दिनांक: 19.01.2026

सार्वजनिक सूचना नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी कमलेश कुमावत दत्तक पुत्र मदनलाल, ताराचन्द पुत्र लालाराम जाति कुमावत निवासी तेज्या का बास तह० फुलेरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध मे मृतक मदनलाल पुत्र पेमाराम जाति कुमावत के नाम दर्ज खातेदारी भूमि खाता संख्या 160 वाके ग्राम तेज्या का बास का वसीयतनामा दिनांक 17.10.2017 के आधार पर नामान्तरण खुलवाने बाबत् प्रकरण भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) के तहत हाजा न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतः यदि किसी दीगर व्यक्ति को कोई आपत